# 8 राजस्थान की वन सम्पदा एवं पर्यावरण

1. शुष्क वन अनुसंधान संस्थान की स्थापना कब की गई?
(1) 1975 (2) 1965 (3) 1987 (4) 1995 (3)

**व्याख्या–** इसकी स्थापना भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद द्वारा 30 जून, 1987 में जोधपुर में की गई। 1988 में इसका नाम 'आफरी' रखा गया। इसका मुख्य कार्य राजस्थान, गुजरात, दादर नगर हवेली तथा दमन दीव (केंद्र शासित प्रदेश) में शुष्क व अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में वानिकी संबंधी अनुसंधान करना है।

2. ISFR रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान के किन जिलों में न्यूनतम वनावरण क्षेत्र है?
(1) सीकर, चूरू, पाली (2) चुरू, गंगानगर, बाड़मेर
(3) बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर (4) चूरू, हनुमानगढ़, जोधपुर (4)

**व्याख्या–** इस रिपोर्ट के अनुसार चुरू (77.69 वर्गकिमी), हनुमानगढ़ (92.97 वर्गकिमी), जोधपुर (109.25 वर्गकिमी), गंगानगर (115.09 वर्गकिमी) जिले राजस्थान में न्यूनतम वनावरण वाले जिले हैं।

3. राजस्थान में वन विभाग की वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट 2023–24 के अनुसार 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले जिलों का वन क्षेत्र के अनुसार सही अवरोही क्रम है?
(1) उदयपुर, बारां, करौली, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़
(2) उदयपुर, बारां, करौली, चित्तौड़गढ़, अलवर
(3) उदयपुर, प्रतापगढ़, सिरोही, करौली, जयपुर
(4) प्रतापगढ़, उदयपुर, सिरोही, करौली, बारां (2)

**व्याख्या–** उदयपुर (4161.92 वर्गकिमी), बारां (2250.56 वर्गकिमी), करौली (1810.76 वर्गकिमी), चित्तौड़गढ़ (1789.02 वर्गकिमी), अलवर (1786.52 वर्गकिमी)

4. असंगत छांटिये –
(1) राजस्थान का राज्य पशु– चिंकारा
(2) राजस्थान का राज्य पक्षी– गोडावण
(3) राजस्थान का राज्य पुष्प– रोहिड़ा का पुष्प
(4) राजस्थान का राज्य वृक्ष– धोकड़ा (4)

**व्याख्या–** राजस्थान का राज्य वृक्ष खेजड़ी है।

5. निम्न में से किस पेड़ के फलों का प्रयोग तेल निकालने व देशी शराब बनाने में किया जाता है?
(1) धोकड़ा (2) महुआ
(3) बबुल (4) रोहिड़ा (2)

6. अरावली वृक्षारोपण कार्यक्रम कितने जिलों में चलाया गया?
(1) 8 (2) 12 (3) 10 (4) 14 (3)

**व्याख्या–** यह योजना राजस्थान के 10 गैर मरूस्थलीय जिलों (जयपुर, अलवर, दौसा, झुंझुनूं, नागौर, पाली, सिरोही, उदयपुर, बाँसवाड़ा व चित्तौड़गढ़) में संचालित थी। यह योजना 31 मार्च, 2000 को समाप्त हो गई।

7. 'खस' घास के प्रमुख उत्पादक जिले हैं–
(1) कोटा, बूँदी, शाहपुरा, केकड़ी
(2) भरतपुर, डीग, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी
(3) सवाईमाधोपुर, कोटा, भीलवाड़ा, शाहपुरा
(4) कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़ (2)

8. राजस्थान के मरुस्थलीय वन किस रूप में पाये जाते हैं–
(1) शुष्क सागवान वनों के रूप में
(2) कांटेदार झाड़ियों (मरुद्भिद के रूप में)
(3) मिश्रित पतझड़ वेन (4) उपरोक्त सभी (2)

9. राजस्थान के किस क्षेत्र में सागवान के वन पाये जाते है?
(1) उत्तरी (2) उत्तर–पूर्व
(3) दक्षिणी (4) दक्षिणी–पश्चिमी (3)

10. राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में किस प्रकार की वनस्पति पायी जाती है?
(1) लवणोद्भिद (2) जलोद्भिद्
(3) मरुद्भिद (4) समोद्भिद (3)

11. राजस्थान में वनों के प्रशासनिक वर्गीकरण में सर्वाधिक वन कौनसे हैं?
(1) आरक्षित वन (2) रक्षित वन
(3) अवर्गीकृत वन (4) कोई नहीं (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में वनों के प्रशासनिक वर्गीकरण में सर्वाधिक वन रक्षित वन/सुरक्षित वन 56.51% है।

12. विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 2 दिसम्बर (2) 16 सितम्बर
(3) 8 मार्च (4) 22 मई (2)

**व्याख्या–** 16 सितम्बर– विश्व ओजोन दिवस
2 दिसम्बर– राष्ट्रीय प्रदूषण रोकथाम दिवस
8 मार्च– अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
22 मई– अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

13. निम्न में से असत्य कथन का चयन कीजिये–
(1) अर्द्ध–उष्ण सदाबहार वन आबू पर्वत क्षेत्र में मिलते हैं।
(2) शुष्क सागवान के वन राजस्थान के दक्षिणी भागों में केन्द्रित हैं।
(3) मिश्रित पतझड़ वाले वन उत्तरी राजस्थान में मिलते हैं।
(4) 'खेजड़ी' वृक्ष शुष्क वनों की विशेषता है। (3)

14. वन रिपोर्ट 2021 के अनुसार निम्नलिखित जिलों में से कौनसे जिले में राजस्थान में सर्वाधिक झाड़ी क्षेत्र पाया जाता है?
(1) नागौर (2) बारां (3) पाली (4) सिरोही (3)

**व्याख्या–** इस रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में 4808.51 वर्ग किमी झाड़ी क्षेत्र है। राजस्थान में सर्वाधिक झाड़ी क्षेत्र वाला जिला पाली (357.60 वर्ग किमी) है।

15. राजस्थान में प्रथम वन एवं पर्यावरण नीति की घोषणा कब की गई?
(1) 18 फरवरी, 2009 (2) 18 फरवरी, 2011
(3) 18 फरवरी, 2013 (4) 18 फरवरी, 2010 (4)

16. राजस्थान का सबसे बड़ा स्मृति वन कहाँ स्थापित किया गया है?
(1) सीकर (2) जयपुर ग्रामीण
(3) नीमकाथाना (4) केकड़ी (1)

17. राजस्थान में सर्वाधिक तेंदू पत्ता उत्पादन वाला जिला है–
(1) टोंक (2) बाँसवाड़ा
(3) अलवर (4) सिरोही (2)

18. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है–
(1) सालर वन– बाड़मेर (2) सदाबहार वन– माउन्ट आबू
(3) शुष्क मरुद्भिद– जैसलमेर (4) मिश्रित पतझड़– कोटा (1)

व्याख्या– सालर वन मुख्यत: उदयपुर में पाये जाते है।

19. शुष्क सागवान वन राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिले में पाए जाते हैं–
(1) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, सलूम्बर, बारां
(2) धौलपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, टोंक
(3) जयपुर ग्रामीण, खैरथल–तिजारा, डीग, दौसा
(4) पाली, सिरोही, सांचौर, बालोतरा (1)

20. अरावली वृक्षारोपण परियोजना कब प्रारम्भ की गई–
(1) 1 अप्रैल, 2002 (2) 1 अप्रैल, 1996
(3) 1 अप्रैल, 1982 (4) 1 अप्रैल, 1992 (4)

21. क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में राजस्थान में वनों के प्रकार की कौनसी क्रमावली सही है–
(1) मिश्रित पर्णपाती– उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती– शुष्क सागवान वन– उष्ण कटिबन्धीय कांटेदार
(2) उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती– उष्ण कटिबन्धीय कांटेदार– उपोष्ण कटिबन्धीय सदाहरित–मिश्रित पर्णपाती
(3) उष्ण कटिबन्धीय कांटेदार– उपोष्ण कटिबन्धीय सदाहरित–मिश्रित पर्णपाती–उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती
(4) उष्ण कटिबन्धीय कांटेदार–मिश्रित पर्णपाती–उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती– उपोष्ण कटिबन्धीय सदाहरित (1)

22. निम्नलिखित में से कौनसा 'राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना' का उद्देश्य नहीं है–
(1) बाढ़ नियंत्रण (2) जल संरक्षण
(3) वृक्षारोपण (4) जैव विविधता संरक्षण (1)

23. राजस्थान का वह जिला, जहाँ उष्णकटिबन्धीय शुष्क पर्णपाती वन पाये जाते है, वह है–
(1) डीडवाना–कुचामन (2) खैरथल–तिजारा
(3) बाँसवाड़ा (4) बालोतरा (2)

24. राजस्थान वन विभाग की प्रशासनिक प्रतिवेदन रिपोर्ट 2022–23 के अनुसार राजस्थान में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत भाग पर वनावरण व वृक्षावरण है?
(1) 4.21 प्रतिशत (2) 5.62 प्रतिशत
(3) 7.42 प्रतिशत (4) 9.91 प्रतिशत (3)

व्याख्या– राजस्थान का कुल वनावरण एवं वृक्षावरण 25387.96 वर्ग किमी. है, जो कि राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 7.42 प्रतिशत है।

25. राजस्थान में मयूर बीड़ी कारखाना स्थित है–
(1) ब्यावर (2) टोंक
(3) कोटपूतली–बहरोड़ (4) डीग (2)

26. खेजड़ी वृक्ष पर 60 पैसे का डाक टिकट कब जारी किया गया?
(1) 5 जून, 1986 (2) 5 जून, 1984
(3) 5 जून, 1988 (4) 5 जून, 1982 (3)

व्याख्या– खेजड़ी को 31 अक्टूबर, 1983 को राजस्थान का राज्य वृक्ष घोषित किया गया था तथा 5 जून, 1988 को खेजड़ी वृक्ष 60 पैसे का डाक टिकट जारी की गई थी।

27. इन्दिरा गाँधी नहर क्षेत्र वृक्षारोपण व चारागाह विकास परियोजना किसकी आर्थिक सहायता से संचालित की गई थी–
(1) जापान (2) कनाडा (3) अमेरिका (4) जर्मनी (1)


28. अमृता देवी विश्नोई स्मृत्ति वानिकी पुरस्कार के तहत किसी संस्था को दी जाने वाली पुरस्कार राशि कितनी कर दी गई है?
(1) 60,000 (2) 1,00,000
(3) 75,000 (4) 70,000 (2)


29. वानिकी विकास परियोजना कब प्रारम्भ की गई–
(1) 1991–92 (2) 1995–96
(3) 1993–94 (4) 1998–99 (2)

व्याख्या– वानिकी विकास परियोजना– 1995–96 से प्रारंभ होकर 2000 तक संचालित थी। यह योजना राजस्थान में अरावली से पूर्व के 15 गैर मरुस्थलीय जिलों में J.B.I.C जापान के आर्थिक सहयोग से संचालित थी। इस योजना का उद्देश्य मरुस्थल का प्रसार रोकना व जैव विविधता का विकास करना है।

30. राजस्थान के किस संभाग में औषधीय पौधा अश्वगंधा की सर्वाधिक खेती होती है–
(1) जयपुर संभाग (2) भरतपुर संभाग
(3) पाली संभाग (4) कोटा संभाग (4)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।